माननीय सदस्यगण,

पन्द्रहवीं बिहार विधान सभा का सोलहवां बजट सत्र आज से आयोजित है । सत्र का आयोजन 11 मार्च से 22 अप्रील तक के लिए किया गया है । जिसमें 27 बैठकें होंगी । 2 दिन गैर सरकारी संकल्प के लिए रखा गया है और 2 दिन राजकीय विधेयक के लिए भी है । और इसी बीच में विभिन्न विभागों के डिमान्डों पर भी चर्चा होगी । इसके साथ ही साथ महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा होगी, बजट पर चर्चा होगी । इन सभी चर्चाओं के माध्यम से

आप अपने विचारों को सदन के माध्यम से राज्य की 11 करोड़ जनता को बता सकते हैं कि संविधान निर्माताओं ने यह कल्पना किया था कि संसदीय प्रणाली सबसे उत्तम प्रणाली है और इसके माध्यम से कोई सदस्य जो विषय सदन में उठाना चाहता है चाहे गंभीर से गंभीर विषय क्यों न हो उसको सदन में संसदीय परंपराओं के अनुकूल रख सकता है । संसदीय प्रणाली में जो लोकतंत्र की भूमिका होती है केवल विरोध के लिए नहीं, विरोध संसदीय

प्रणाली को मजबूत करने के लिए, साकारात्मक ढंग से राज्य में विकास को गति देने के लिए प्रश्नों के माध्यम से अगर ट्रेजरी बैंच भूल गया है तो याद दिलाने के लिए । इसलिए आपसे हमारी अपेक्षा है सामाजिक समन्वय स्थापित करने के लिए एक ऐसी विचारधारा की आवश्यकता है जिसका उद्देश्य जाति एवं धार्मिक कट्टरवादिता और विघटनकारी बाधाओं को दूर करने के लिए यह सदन संविधान के अनुसार धर्मनिरपेक्षता को राज्य में आधार देता है ।

हम आपसे आशा और उम्मीद रखते हैं कि सदन के सफल संचालन में आपका सहयोग मिलेगा । सदन की पूरी कार्यवाही लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है । राज्य की जनता का ध्यान हमारी ओर लगा हुआ है कि आज सदन में क्या होने वाला है । आज ही महामहिम राज्यपाल महोदय के आदेशानुसार राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के पश्चात् सरकार विश्वात मत भी अपना प्राप्त करेगी । इसलिए और भी इस सदन की कार्यवाही की महत्ता बढ़ जाती है ।

माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप जानते हैं कि सदन की कार्यवाही को जन-जन तक पहुँचाने के लिए वेबकास्ट एवं आकाशवाणी और दूरदर्शन से डेफर्ट प्रसारण की व्यवस्था की गयी है । प्रतिदिन विभिन्न जिलों से सदन की कार्यवाही को देखने के लिए हाई स्कूल के 25 लड़कियों और 25 लड़कों को अवसर दी जाती है । इस प्रकार हमने एक नयी परंपरा शुरू की है । उस परंपरा में एक और कड़ी है । माननीय सदस्यों के प्रश्नों को ऑनलाईन भी स्वीकार करते हैं । बिहार विधान सभा

सचिवालय इन प्रश्नों की समीक्षा कर विभागों को भी ऑनलाईन भेजती है जिससे कि समय की बचत हो । इस प्रकार हम हमेशा बिहार विधान सभा की कार्यवाही के माध्यम से, संसदीय प्रणाली को मजबूत करने के लिए और संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने लिए आपके सहयोग से आगे बढ़ रहे हैं ।

मुझे आशा और विश्वास है कि पुनः एक कदम आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और सदन के संचालन में आपका भरपूर मुझे सहयोग प्राप्त होगा । धन्यवाद ।